न्यायालय उपखंड अधिकारी अराई अजमेर

राजस्व वाद संख्या 7/2026
अन्तर्गत धारा 131,136 भू–राजस्व अधि0 1956

ग्राम पंचायत सरपंच जरिये प्रशासक, ग्राम पंचायत भामोलाव, तहसील अरॉई, जिला अजमेर, राजस्थान

प्रार्थी

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार तहसील अरॉई, तहसील अराई, जिला अजमेर राजस्थान

अप्रार्थी

निर्णय प्रार्थना पत्र अन्तर्गत अन्तर्गत धारा 131,136 भू–राजस्व अधिनियम 1956

निर्णय दिनांक ..11/2/26

संक्षिप्त में वाद पत्र का सार इस प्रकार है कि वादी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,136 भू.राज.अधि. 1956 के तहत वकील श्री योगेश शर्मा एडवोकेट ने पेश किया जिसमें प्रार्थी अधिवक्ता ने जाहिर किया कि प्रार्थी स्वयं ग्राम पंचायत भामोलाव, तहसील अरॉई, जिला अजमेर, राजस्थान का सरपंच जरिये प्रशासक पद निर्वाचित होकर, जनता (ग्राम पंचायत भामोलाव) की सेवा के लिए सदैव तत्पर है। राजस्व ग्राम भामोलाव पटवार क्षेत्र भामोलाव, भू.अ.नि.क्षेत्र सिरोंज, तहसील अराई (अजमेर) के वर्तमान खाता संख्या नया 01 पुराना 01 खसरा संख्या 1171/433 क्षेत्रफल 1.7879 हैक्टेयर किस्म बंजर 1 दर्ज है। तथा उक्त खसरा संख्या 1171/433 में राजस्व ग्राम भामोलाव के राजस्व रिकॉर्ड जमाबन्दी में खसरा संख्या 1171/433 की वर्तमान किस्म बंजर 1 है। तथा खसरा संख्या 1171/433 वर्तमान मौके एवं नक्शे की स्थिति के आधार पर गै०मु०रास्ता है। तथा उक्त भूमि का उपयोग लंबे समय से ग्रामीण व अन्य लोग अपने आवागमन हेतू अपने खेतो, स्कूल, सरकारी दफतरों, मन्दिरों आदि सार्वजनिक स्थलों तक आने–जाने के एकमात्र रास्ते के रूप में किया जा रहा है। इस कारण प्रार्थी को शुद्धी का उक्त प्रार्थना पत्र श्रीमान् के समक्ष जनहितार्थ में पेश करना आवश्यक हुआ है।खसरा संख्या 1171/433 किस्म बंजर 1 रकबा 1.7879 हैक्टेयर भूमि को लंबे समय से ग्रामीण एवं उनके पूर्वजों द्वारा कई वर्षों / दशकों से रास्ते के उपयोग में लिया जा रहा है, जिससे आमजन का आवागमन होता है। तथा ग्राम पंचायत द्वारा खसरा संख्या 1171/433 किस्म बंजर 1 रकबा 1 7879 हैक्टेयर की भूमि को जनहित तथा जनता के कल्याण के लिये उक्त खसरानम्बरान् की भूमि को सार्वजनिक रास्ता नक्शे के अनुसार राजस्व रिकोर्ड जमाबन्दी में किस्म गै० मु०रास्ता दर्ज किया जाना आवश्यक हुआ है. जिससे गांव के किसानों एवं आम जनता को आवागमन में सुविधा हो। तथा गांव के किसान समय पर अपने बच्चो को स्कूल से लाने–ले जाने में किसी गंभीर समस्या का सामना ना करना पडे। उक्त खसरानम्बरान् की भूमि मौके की स्थिति (मौका मुआयना) से स्पष्ट है कि उक्त भूमि पर रास्ता विद्यमान है, जिस पर आम जनता निर्बाध रूप से आना–जाना करती है। उक्त खसरा नम्बरान 1171/433 भूमि राजस्व ग्राम भामोलाव पटवार हल्का भामोलाव, भू.अ.नि.क्षेत्र सिरोंज तहसील अरॉई (अजमेर) में स्थित होने से श्रीमान् को क्षेत्राधिकार एवं श्रवणाधिकार प्राप्त है। नवीन खाता संख्या 01 के खसरा नम्बर 1171/433 रकबा 1.7879 हैक्टेयर किस्म बंजर 1 दर्ज है. के स्थान पर राजस्व रिकोर्ड जमाबन्दी में किस्म गै० मु०रास्ता जो कि वर्तमान राजस्व नक्शा अनुसार शुद्धी किये जाने के आदेश आमजनता के कल्याण, जनहितार्थ, न्यायहित में प्रदान करने का निवेदन किया है ।

प्रकरण दिनांक 20.01.2026 को दर्ज रजिस्टर किया गया । अप्राथी के सम्मन नोटिस दिनांक 28.1.2026 को प्राप्त हुए तथा दिनांक 11.2.2026 को पेरोकार सरकार का जवाब प्राप्त हुआ । पेरोकार सरकार के जवाब अनुसार ग्राम भामोलाव के वर्तमान राजस्व रिकार्ड में खसरा नं0 1171/433 क्षेत्रफल 1.7879 हैक्टेयर किस्म बंजर 1 दर्ज है तथा उक्त खसरे की वर्तमान नक्शे में आकृति रास्ते के रूप में है तथा मौके पर उक्त खसरे का उपयोग रास्ते के रूप में ही हो रहा है । उक्त खसरा ने भामोलाव से देवपुरा ढाणी को जोडता है । खसरा नं0 1171/433 की वर्तमान रिकार्ड में किस्म बंजर 1 दर्ज है तथा नक्शे की आकृति रास्ता के रूप में है । वर्तमान में रास्ते के काम में लिया जा रहा है ।

तहसीलदार अराई की जांच रिपोर्ट अनुसार पेरोकार जवाब अनुसार ग्राम भामोलाव के वर्तमान राजस्व रिकार्ड में खसरा नं0 1171/433 क्षेत्रफल 1.7879 हैक्टेयर किस्म बंजर 1 दर्ज है तथा उक्त

खसरे की वर्तमान नक्शे में आकृति रास्ते के रूप में है तथा मौके पर उक्त खसरे का उपयोग रास्ते के रूप में ही हो रहा है । उक्त खसरा ने भामोलाव से देवपुरा ढाणी को जोडता है । खसरा नं0 1171/433 की वर्तमान रिकार्ड में किस्म बंजर 1 दर्ज है तथा नक्शे की आकृति रास्ता के रूप में है । वर्तमान में रास्ते के काम में लिया जा रहा है । हमारे द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। तहसीलदार अराई के जवाब तथा पत्रावली में संलग्न दस्तावेजानुसार प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार अराई को आदेश दिये जातें है कि ग्राम भामोलाव के खसरा न0 1171/433 रकबा 1.7879 हेक्टैयर किस्म बंजर 1 के स्थान पर गे0मु0रास्ता की वर्तमान राजस्व नक्शा अनुसार शुद्धि किये जाने के आदेश आम जनता के कल्याण,जनहितार्थ,न्यायहित में आदेश दिये जाते है ।

आदेश मेरे द्वारा लिखवाया जाकर बाद मेरे हस्ताक्षरों के खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। पत्रावली जाप्ता दफ्तर दाखिल हो।

उपखण्ड अधिकारी
अराई (अजमेर)